## खबर संक्षेप



### मां वीरासन देवी और बालाजी मंदिर में दीपदान

**सिलौंडी।** देवप्रबोधिनी एकादशी के मौके पर धार्मिक स्थलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध मां वीरासन देवी मंदिर और सिलौंडी के श्री बालाजी मंदिर में महाआरती के बाद दीपदान किया गया। मां वीरासन को फूलों से सजाया गया और पूरे दरबार परिसर में दीपो से रोशनी किया गया जिसमें क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, समाजसेवी और आम नागरिकों की सहभागिता रही।

### बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने दो माह से भटक रहा दिव्यांग पिता




**विजयराघवगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसवारा स्थित खेत में करंट की चपेट में आने से दुर्जनपुर निवासी 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई थी। अब अपने इकलौते पुत्र की मौत का का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिव्यांग पिता भटक रहा है। शनिवार को दुर्जनपुर निवासी संतोष कुमार पटेल पिता स्वर्गीय सीताराम पटेल निवासी विजयराघवगढ़ थाने पहुंचा और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संबंधित जानकारी मांगी। हाथ में वैशाखी और चेहरे पर परेशानी का भाव लिए संतोष पटेल ने बताया कि परसवारा स्थित खेत में करंट लगने से उसके पुत्र विवेक कुमार पटेल उम्र 15 वर्ष की मौत अगस्त माह में हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा मर्ग प्रकरण दर्ज किया गया था। अब समस्या यह है कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत तक बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहा है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### कर्मचारियों की छुट्टियों पर लगी रोक

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) 2025-26 के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने इस अवधि में जिले के सभी विभागों को कर्मचारियों के कैजुअल लीव (सीएल) को छोड़कर किसी भी प्रकार के अन्य अवकाश को स्वीकृत न करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम एवं जिला पंचायत को विशेष रूप से इस निर्देश का पालन करने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को अपने सभी संकुल प्राचार्यों को तत्काल प्रभाव से इस बारे में सूचित करने का निर्देश दिया है।

## तापमान का गिरने लगा पारा, सुबह एवं शाम हो रहा गुलाबी ठंडक का अहसास

# मौसम साफ होते ही कोहरे की हुई एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बीते करीब एक पखवाड़े से आसमान में बादलों के छाए रहने एवं तेज एवं रिमझिम बारिश का सिलसिला बीच बीच में चलता रहा। बारिश की वजह से खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान को काफी क्षति पहुंचने की बात किसान द्वारा बताई जा रही है। रविवार को सुबह से मौसम साफ रहा। करीब 10 दिन बाद धूप निकली। मौसम साफ होने के बाद रविवार को कोहरा भी देखने को मिला। घना कोहरा होने की वजह से आवागमन भी बाधित हुआ। कोहरे की वजह से चालकों को हेड लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। नवंबर माह का पहला पखवाड़ा शुरू हो चुका है हालांकि अभी कड़ाके की ठंड नहीं हो रही है। मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से सुबह शाम गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। बीते दिनों बादल छाए रहने के बावजूद बारिश के आसार टल गए। रात के तापमान में गिरावट से सुबह गुलाबी सर्दी दस्तक देने लगी है। इसी के साथ मौसम में बदलाव के संकेत भी मिल रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रात में न्यूनतम तापमान लगातार कम होने के साथ सुबह सूर्योदय से पहले हल्की धुंध के साथ सर्दी महसूस हो रही है। रात के तापमान में अगले कुछ दिनों तक गिरावट बनी रहने की दशा में दिन के तापमान में भी कमी आने का दौर शुरू हो सकता है।

दिन में आसमान साफ रहने से धूप निकलने पर सर्दी का अहसास नहीं होता है। बादल छंटने के साथ सुबह होने के साथ धूप निकल आई। इसके बावजूद रात में न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है। रात में पारा लुढ़कने का क्रम भी शुरू हुआ हो गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रात के तापमान में गिरावट को शरद ऋतु की आहट मानते हैं। दिन में धूप का असर तेज है। कुछ दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही और दूसरे जिले में बारिश के चलते ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा था। मच्छरों के चलते दिन व रात के समय पंखे चलाने पड़ रहे हैं। रात्रि के समय अब कूलर व एसी की जरूरत कम ही महसूस हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनो में धीरे धीरे ठंड का असर बढ़ेगा। अभी सुबह और शाम गुलाबी ठंड का असर बना हुआ है। वहीं धूप निकलने के बाद ठंडा का अहसास नहीं होता।

### धान की कटाई होगी तेज

किसान बादल छाए रहने एवं बीच बीच में हो रही बारिश की वजह से खेतों में पकी खड़ी धान की फसल की कटाई नहीं पा रहे थे। कुछ किसान जिन्होंने फसलों की कटाई की थी लेकिन खेतों में पड़ी होने एवं सूख नहीं पाने की वजह से उपज प्रभावित हो गई हे। अब बारिश थमने एवं मौसम साफ होने के बाद किसान खेतों में भरे पानी के सूखने का इंतजार कर रहे है। पानी के सूखते ही फसलों की कटाई, गहाई का कार्य तेजी से होगा। जिले में 70 से 80 फीसदी फसल की कटाई बाकी है।

### सर्दी खांसी से हो रहे ग्रसित

मौसम में तब्दीली के साथ इस गुलाबी ठंड की आहट के साथ लोगों में सर्दी-खांसी, बुखार का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। देर रात व अहले सुबह ठंड का अहसास होने लगा है। ऐसे में लोग सुबह उठते ही सर्दी के साथ बदन दर्द व हरारत, बुखार से पीड़ित होने की शिकायत करते हैं। इस तरह के रोगियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। सरकारी अस्पताल सहित जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर सर्दी खांसी व बुखार रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं निजी चिकित्सालय में भी इस तरह के रोगियों की भीड़ बढ़ने लगी है। सर्दी बुखार के लक्षणों का मुख्य कारण मौसम में आई तब्दीली माना जा रहा है लेकिन इसके प्रति सचेत रहने की जरूरत है। चिकित्सकों के अनुसार बुखार के प्रति पूरी तरह सावधानी बरतना चाहिए। बचाव के लिए सतर्कता बरतना चाहिए। मौसम को देखते हुए बच्चों, बीमारों एवं वृद्ध जनों को खास एहतियात बरतना चाहिए।



# शोभायात्रा से मानवता की सेवा व कल्याण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

संत शिरोमणि नामदेव महाराज का 755वां जन्मोत्सव उमरियापान में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कटरा बाजार स्थित राधाकृष्ण नामदेव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद नामदेव समाज द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। राधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा चंडी माता मंदिर, नई बस्ती, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई मंदिर सहित प्रमुख मार्गों से होकर पुनः राधाकृष्ण मंदिर पहुंची।

यात्रा में समाजजन भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे, वहीं बैंडबाजों की ताल पर नन्ही बालिकाओं का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में समाज के वरिष्ठजनों ने संतश्री नामदेव महाराज के जीवन, उनके भक्ति संदेश और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर अनिल नामदेव, रामविशाल नामदेव, नंदू नामदेव, दीपक नामदेव, राजेश बाबा नामदेव, जग्गू नामदेव, संतोष नामदेव, मुन्ना नामदेव, अखिलेश नामदेव, घनश्याम नामदेव, कालका प्रसाद नामदेव, राजेश नामदेव, इंदु नामदेव, कैलाश नामदेव, बबुआ नामदेव, मिलन नामदेव, संजू नामदेव, सन्तू नामदेव, बल्लू नामदेव, सत्यम नामदेव सहित समाज के वरिष्ठजन और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इससे पूर्व रात्रि में रामायण पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

**देवउठनी एकादशी पर घरों एवं मंदिरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन**

# श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ शालिग्राम-तुलसी विवाह, मंदिरों में हुई विशेष आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ भगवान शालिग्राम और तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से तुलसी विवाह संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार और भजन कीर्तन के बीच तुलसी माता का श्रृंगार कर भगवान शालिग्राम से विवाह कराया गया।

महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर मंगलाचरण किया और अखंड दीप जलाकर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। तुलसी परिक्रमा की और भगवान विष्णु का पूजन-अर्चन किया। गन्ने का मंडप बनाकर विवाह संस्कार के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर के मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई और देर शाम तक भक्ति संगीत की गूंज बनी रही।

### चंडी मेले का हुआ आयोजन, ग्वालों ने किया नृत्य

देवउठनी एकादशी पर्व पर उमरियापान में चंडी मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर भक्तों ने चंडी माता का विशेष पूजन किया। गांव व आसपास के गांवों के बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सहित अन्य लोगों ने चंडी मेले में पहुंचकर मनोरंजन के साधनों का भरपूर आनंद उठाया। देरशाम ग्वालों की टोलियों ने आकर्षक वेशभूषा में ग्वाल नृत्य प्रस्तुत किया,जिसे देखने बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। इस मौके पर लोगों ने चंडी मेले में मिट्टी के बने खिलौने की दुकानें, गन्ने, सिंघाड़ा, मिठाई की दुकानें, फैंसी समानों के स्टॉलों में पहुंचकर उपयोगी सामग्री की खरीदी किया।

शाम को ग्रामीणों ने अपने घरों में देवी देवताओं की पूजा- अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। एकादशी पर्व पर उमरियापान के बाजारों में गन्नों की बिक्री जमकर हुई।एक दूसरे के घरों में प्रसाद वितरण किया एवं बच्चों ने आतिशबाजी की।

# खराब हुई फसल का सर्वे करा मुआवजा देने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



बीते दिनों खराब मौसम और लगातार हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसलें अब जमीन पर बिछ गई हैं, बालियाँ टूट चुकी हैं और कटाई का कार्य ठप हो गया है। उमरियापान, ढीमरखेड़ा, धरवारा, सिलौंड़ी और खमतरा क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान पहुंचने का अनुमान है। किसानों का कहना है कि फसलें कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थीं, तभी अचानक बारिश और तेज हवाओं से पौधे तनों से टूटकर खेतों में बिछ गए। कई जगहों पर खेतों का नजारा ऐसा है जैसे फसल काटकर फैला दी गई हो। जमीन में नमी अधिक होने से हार्वेस्टर भी खेतों तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, जिससे कटाई का कार्य पूरी तरह रुक गया है। किसानों ने बताया कि अब मौसम साफ होने के बाद ही खेतों में कोई काम संभव होगा। कई गांवों में फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं, बावजूद इसके अब तक प्रशासन द्वारा नुकसान का सर्वे नहीं कराया गया है, जिससे किसानों में नाराज़गी और चिंता दोनों बनी हुई हैं।किसानों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा के पदाधिकारियों ने भी किसानों की समस्या प्रशासन तक पहुँचाई है। ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने कहा कि असमय बारिश से धान की पकी हुई फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं। हवा और वर्षा के कारण फसलें गिर गई हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम और कटनी कलेक्टर को ज्ञापन देकर शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम निधि गोयल का कहना है कि बारिश से ढीमरखेड़ा क्षेत्र में फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुँचा है। कुछ स्थानों पर फसलें गिर गई हैं जिससे कटाई में दिक्कत आ सकती है। जिन गांवों में अधिक नुकसान हुआ है, वहाँ सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होते ही मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

# हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई देव दिवाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



4 माह की योग निद्रा से भगवान श्री हरि विष्णु के जागृत होने का पर्व देवउठनी एकादशी पर्व शनिवार को स्लीमनाबाद तहसील मैं हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाये जाने वाले इस पर्व मैं लोगो ने जहां घरो मैं दीपक जलाकर रोशनी की ,घर के आंगन को रंगोली से सजाया ,साथ ही गन्ने का मंडप बनाकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव मनाया गया।गाजे बाजे के साथ निकली बारात,रसिक बिहारी जू मंदिर मे हुआ भव्य विवाहोत्सव आयोजन-देवउठनी एकादशी के पर्व पर स्लीमनाबाद नगर स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे धूमधाम के साथ भव्य विवाहोत्सव आयोजन हुआ।यहां महिला मंडल व कार्तिक व्रतधारी महिलाओं ने विशेष आयोजन किया।जहां गन्ने का मंडप सजाया गया।दिव्य मंडप मैं विराजित कर तुलसी -शालिग्राम जी का विवाह कराया गया।विवाह रस्म की शुरुआत लग्नोत्सव के साथ हुई।साथ ही हल्दी लगाई गई फिर धूमधाम से गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। बारात में महिलाओं ने नाचते गाते हुए आंनद लिया फिर पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। महिलाओं के मंगलमय विवाह गीत भी गाये गए।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि एकादशी से मांगलिक कार्यो का शुभारंभ हो गया है।हिंदू संस्कृति मान्यता के अनुसार इस तिथि से देव जागृत हो जाते है। देवशयनी एकादशी से 4 माह के लिए शादी विवाह पर रोक लग जाती है। 4 महीने के पश्चात देव के जगाने का उत्सव देवउठनी के रूप मे श्रद्धालुओं ने मनाया।

**एसडीओपी ने विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी**

# हर चुनौतियों का करें मुकाबला, गुड व बैड टच को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार 1 नवंबर से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना तथा स्कूलों मै छात्र -छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक करना हैं!इसी क्रम अभियान के तहत स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद ओर पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक मै जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई एवं 'कोमल' शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया। बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।

एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये।घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके। स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## मेला के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं हेतु सौंपे दायित्व

# पांच दिवसीय कटाएघाट मेला 5 नवंबर से, निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंग कटायेघाट मेला का आयोजन 5 नवंबर से 9 नवंबर 2025 तक कटायेघाट में किया जाना है। मेले का शुभारंभ 5 नवंबर को अपरान्ह 3 बजे से मधई मंदिर के पास से श्री बजरंग बली जी की शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को मेला प्रभारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक मेला प्रभारी नियुक्त कर मेला आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु निगम के अधिकारियों को पृथक पृथक दायित्व सौंपे है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी आदेश में मेला स्थल पहुंच मार्ग की मरम्मत, निर्माण, मेला स्थल पर आवश्यक मरम्मत व पुताई के साथ ही आवश्यकतानुसार पंडाल, कुर्सी, टेबिल, माईक, स्पीकर, इत्यादि की व्यवस्था का कार्य एवं मेला स्थल का ले आउट प्लान तैयार करने का दायित्व प्र.कार्यपालन यंत्री असित खरे, प्र. सहायक यंत्री अनिल जायसवाल एवं उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी को सौंपा है। अन्य व्यवस्था का दायित्व सुधीर मिश्रा, प्र. सहायक यंत्री आदेश जैन एवं उपयंत्री मोना करेरा को प्रदान किया गया है।

निगमायुक्त ने मेला स्थल पर पूर्व की भांति दुकान, स्टाल, वाहन स्टैण्ड आदि की प्लानिंग, प्लाटिंग कराते हुए स्थल का मेले हेतु बुकिंग, वाहन स्टैण्ड, शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के स्टाल लगवाने हेतु स्थल व्यवस्था का दायित्व जागेश्वर प्रसाद पाठक, विनोद सिंह, प्र. रा. निरीक्षक एवं क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक,क्षेत्रीय सहायक राजस्व निरीक्षक को प्रदान किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आई ई सी टीम के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराकर मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने का



दायित्व,नोडल अधिकारी आदेश जैन (एस.बी.एम.) एवं संजय चौदह को सौंपा है। वहीं मेला स्थल पहुंच मार्ग एवं मेला प्रांगण की विशेष साफ-सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, अलाव व्यवस्था एवं स्वास्थ्य टीम के माध्यम से मेला क्षेत्र को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त रखने हेतु प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक और वार्ड दरोगा को निर्देशित किया गया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद एवं विज्ञान प्रदर्शनी

मेले के दौरान आयोजित होने वाले समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा, सेवा निवृत्त प्राचार्या से सहयोग लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिता एवं मेले में आयोजित होने वाले विज्ञान प्रदर्शनी से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु प्राचार्य के सी एस, साधुराम एवं ए रविन्द्र राव स्कूल एवं स्टाफ को दायित्व सौंपे गए हैं।

### शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार

नगरपालिक निगम, कटनी में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं प्रदर्शनी लगाने का दायित्व सनद विश्वकर्मा, सहा. सामु. संगठक एवं यश कुमार रजक, सिटी मिशन मैनेजर को सौंपा गया है।

निगमायुक्त ने श्री बजरंग बली की मूर्ति व्यवस्था, मेला जुलूस व्यवस्था एवं मेले में होने वाले धार्मिक आयोजनों के साथ ही मेला कार्यकम समाप्ति उपरांत मूर्ति का विसर्जन कराने का दायित्व राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं उनकी टीम को सौंपा है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने मेला अवधि के दौरान नदी के दोनों किनारों व घाट में आवश्यक बेरीकेटिंग कराने, मेला स्थल एवं पहुंच मार्ग में पेयजल की समुचित व्यवस्था, मंच संचालन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रचार प्रचार, बैनर, पुरस्कार वितरण, प्रमाण पत्र, प्रतिभागियों को लाने के जाने हेतु वाहन व्यवस्था, दुकानों को व्यवस्थित कराना, सुगम आवागम की कार्यवाही के साथ ही मेला प्रांगण एवं मेला कार्यालय में रात्रिकालीन चौकीदारों की व्यवस्था हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व का आवंटन कर समस्त व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# 56 विभागों की 1700 सेवाएँ अब एक पोर्टल पर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करायेगा। 'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश को देश के डिजिटल गवर्नेंस एनेबल्ड राज्यों में अग्रणी बनाने वाले इस पोट्र्ल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है। इससे नागरिकों, विभागों और सेवाओं को एक ही डिजिटल ईको-सिस्टम में जोड़कर मध्यप्रदेश ने यह सिद्ध किया है कि डिजिटल गवर्नेंस ही गुड गवर्नेंस है।

एमपी ई-सेवा पोर्टल पर राज्य शासन के 56 विभागों की 1700 से अधिक नागरिक सेवाओं को एकीकृत कर दिया गया है। अब इन सेवाओं के लिए अलग वेबसाइट पर लॉगइन करने और बार-बार दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक eseva.mp.gov.in और मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी सेवाओं के लिए पात्रता जांच, आवेदन, स्टेटस चैक करने के साथ ही अनुमोदन भी प्राप्त कर सकते हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल पर सभी चरण आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-साइन और डिजिटल प्रमाणपत्र से सुरक्षित हैं।

**खबर संक्षेप**

## पहली बार आयोजित होने जा रहा है मुख्यमंत्री का कार्यक्रम

**पन्ना।** रविवार को पन्ना कलेक्टर ने अधिकारियों के दल के साथ शाहनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पन्ना कटनी मैन रोड पर स्थित खेल परिसर आमा में उस स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आपको बता दें कि प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव संभवतः नवंबर माह में 12 तारीख से 20 नवंबर के बीच कभी भी आ सकते हैं। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड, प्रवेश एवं निकास द्वार, भूमिपूजन, लोकार्पण तथा प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही वाहन पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान का भी चयन किया गया। यह पहला अवसर होगा जब किसी मुख्यमंत्री की सभा शाहनगर में आयोजित होने जा रही है। प्रशासन की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारियाँ जोरों पर हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मुख्यमंत्री की सभा में किसी भी प्रकार की असुविधा या सुरक्षा में चूक न हो। इस निरीक्षण के दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजन को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर काफी उत्साहित हैं और लोगों के द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि शाहनगर के विकास को एक नई दिशा मिल सकती है।

## विद्युत विभाग के केस से आरोपी बरी

**दमोह।** म०प्र० विद्युत विभाग द्वारा आरोपी बब्लू राठौर दमोह के विरुद्ध 13275 रूपये का विद्युत चोरी का मामला बनाया गया था जिसमें आरोपी ने मामले को न्यायालय में लड़ा और दोषमुक्त हुआ और आरोपी राशि का भुगतान नहीं करना पड़ा। बब्लू राठौर के तरफ से पैरवी करने वाले अधिवक्त शेख जहुर एडाहेबेट (बाला वकील) थे जिन्होंने केस लड़ा और जीता।

नगर परिषद के अमले के साथ पुलिस स्टाफ की मौजदूगी में की गई कार्रवाई

# नपा की जमीन पर बन रहे अवैध मकान को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमणकारी हावी हो रहे तेंदूखेड़ा नगर में अनेक स्थानों पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो गया है। जहां लोगों के मकान सहित निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया है। जब नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा सरकारी जमीन पर तन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए सरकारी जमीन मुक्त कराई है। मामला तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 का है। जहां शासकीय जमीन पर अवैध रूप से कब्जाकर पक्के निर्माण कर जमीन बेचने की जानकारी मिलने के बाद नगर परिषद का अमला जागा और वार्ड क्रमांक 9 में खकरिया मार्ग पर नाथ कॉलोनी के पास एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था। जहां सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने नपा अमले और पुलिस के साथ मिलकर जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचकर कई जगह सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराई और बोर्ड लगवाकर शासकीय जमीन पर कब्जा न करने की अपील कर शासकीय जमीन पर कब्जा करने पर कड़ी कार्यवाही की करने की चेतावनी दी। इस संबंध में अतिक्रमित भूमि से बुल्डोजर से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले में नगर परिषद की टीम ने बताया कि यहां पर एक व्यक्ति द्वारा एक हफ्ते से अतिक्रमण कर मकान बनाने का काम शुरू किया गया था। लेकिन जिस जगह वह मकान बना रहा था वह नगर परिषद की जगह है और वहां पर पानी का पंप है। कब्जाधारी को लगातार मना करने और नोटिस देने के बाद भी कब्जा कर मकान बना रहा था। जिसके बाद शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल, उपयंत्री भूपेंद्र सिंह, थाना प्रभारी नीतेश जैन सहित नगर परिषद का अमला और पुलिस स्टाफ मौजूद था। साथ नगर परिषद कर्मचारियों के साथ राजस्व अमला पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### इनका कहना है

लोगों द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर भूखंड बेचे जा रहे थे और कई प्लॉटों पर पक्के निर्माण हो रहे थे। जांच कराई तो यह सत्यता पाई गई। जिस पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

पीयूष अग्रवाल
सीएमओ नगर
परिषद तेंदूखेड़ा

## मां-बाप की सेवा करने वाला पाता है परम सुखः पंडित विनय शुक्ला



**रनेह।** श्री श्री 1008 श्री कौशलाधीश मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास पंडित विनय शुक्ला महंत जी ने अपने प्रवचन में कहा कि जो भी सच्चे मन से भक्त बनाकर ठाकुर जी के पास जाता है अपने भक्त की मनोकामना पूरी करते हैं। पंडित विनय शुक्ला ने कहा कि जो व्यक्ति अपने मां-बाप की सेवा करता है उसके ऊपर ठाकुर जी की सबसे ज्यादा कृपा मिलती है और वह परम सुखी होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के आसक्त जनों, वृद्ध जनों गायों की सेवा करना चाहिए ठाकुर जी इससे प्रसन्न होते हैं। इस दौरान अनेकों प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण और गरीब सुदामा का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास श्री शुक्ला जी ने कहा कि अगर मित्रता हो तो कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता में कोई छोटा बड़ा नहीं होता। तीन लोकों के नाथ श्री कृष्ण ने एक गरीब विप्र से केवल मित्रता ही नहीं बल्कि मित्रता धर्म निभाते हुए तीनों लोकों की संपदा भी मित्र सुदामा को सौंप दी। उन्होंने कहा कि मित्र वही है जो अपने मित्र की हर परिस्थिति में उसके साथ रहे। जब सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के बार-बार आग्रह करने पर भगवान कृष्ण से मिलने द्वारका पुरी पहुंचे तब भगवान ने न केवल अपने मित्र का हृदय से स्वागत किया बल्कि उन्हें सिंहासन पर बिठाकर उनके पांव भी पखारे। उन्होंने बताया कि भगवान को करुणा सिंधु भी कहा जाता है और जब भगवान कृष्ण ने मित्र सुदामा को की दीन दशा को देखा और उनके पांव के कांटों को देखा तो भगवान कृष्ण के नेत्र सजल हो गए और भगवान ने अपने नेत्र जल से ही सुदामा के चरणों को पखारा और यह चरितार्थ कर दिया कि मित्र धर्म में कोई छोटा बड़ा नहीं होता मित्रता में सब बराबर है होते हैं। आज सोमवार को पूर्ण आहूति और भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

## धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी, शालिग्राम एवं तुलसी विवाह का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को नगर एवं क्षेत्र में देवउठनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक आस्था एवं परंपरा के प्रतीक इस पावन अवसर पर भक्तों ने विधि-विधान से एकादशी की पूजा-अर्चना की। विभिन्न मंदिरों एवं घरों में गन्ने के सुंदर मंडप सजाए गए, जिनके बीच भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का वैवाहिक उत्सव परंपरागत रीति से सम्पन्न हुआ। संध्या के समय भजन-कीर्तन और आरती के पश्चात लोगों ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। देवउठनी ग्यारस के साथ ही विवाह पर्वों का शुभारंभ होने के कारण नगर का वातावरण उल्लासमय रहा। जगह-जगह भक्ति गीत गूंजते रहे और भक्तों ने प्रसाद वितरण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और समर्पण भाव से पूजा-अर्चना कर भगवान विष्णु एवं माता तुलसी से समृद्धि और मंगलकामनाएं मांगीं।

## गौसेवकों ने रखी गौशाला निर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

रविवार को प्रवास के दौरान मडियादो पहुंचे राज्य मंत्री लखन पटेल का स्वागत युवाओं द्वारा बाजार परिसर में किया गया। इस दौरान मडियादो के गौसेवक भी उपस्थित रहे । गौसेवकों द्वारा की जा रही निःशुल्क गौ सेवा पर मंत्री द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई ओर कहा गया कि जिले में 20 से अधिक टीम यह सराहनीय कार्य कर रही है। गौसेवकों द्वारा मंत्री से मडियादो में गौशाला निर्माण की बात कही गई । जिसपर मंत्री द्वारा क्षेत्र में बनी गौशालाओं का संचालन करो कि बात युवाओं से कही गई। मंत्री द्वारा कहा गया कि गौशाला का संचालन करोगे तो दो फायदे होंगे कि आपको रोजगार मिलेगा जिससे आपकी आजीविका चलेगी साथ ही गौ सेवा भी अच्छी तरह से कर पाओगे । बता दे कि मडियादो में एक दर्जन से अधिक युवाओं की टीम पिछले 5 सालों से कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में घायल गौवंश की निःशुल्क सेवा करती है। इसके घायल गौवंश को निजी स्तर पर बने गौशाला में भर्ती रखकर उनकी सेवा का कार्य करती है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मडियादो विष्णु सोनी, राज गोस्वामी, कैलाश अग्रवाल देवांश मिश्रा, उमेश पटेल, दशरथ विदुआ, ललित यादव, विक्की पांडे, विजय ठाकुर, प्रीतम यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 5 को निकलेंगी एकता पदयात्रा, बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारियां



**बटियागढ़ ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च (पद यात्रा) का आयोजन के संबंध में रविवार को बटियागढ़ मंडल में एकदिवसीय बैठक भाजपा कार्यालय बटियागढ़ हुई। जिसमें जिले आये पार्टी पदाधिकारी जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश पटेल, सहसंयोजक भरत यादव, जगदीश पटेल, सांसद प्रतिनिधि संगीता श्रीधर शामिल हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय और प्रणव मुखर्जी की प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण और तिलक लगाकर किया गया। एवं अतिथियों के स्वागत के बाद बैठक में आये हुए पार्टी कार्यकर्ता, सरपंच, जनपद सदस्य से पद यात्रा में स्वयं और अधिक अधिक से लोगों जोड़ने के बारे में चर्चा हुई। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश पटेल ने बताया कि जेरट से फसिंया नाला तक साढ़े तेरह किलोमीटर की ये पदयात्रा है। उसी को लेकर ये बैठक रखी गई है। उसी संबंध में आज बैठक में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पदाधिकारी, मोर्चों के पदाधिकारी, और उनके साथ साथ भारतीय जनता पार्टी जो विचार धारा से संबंधित जो यहां सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य विराजमान हैं। तो हम सब की ये जिम्मेदारी है कि हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को पद यात्रा में शामिल करना है। वहीं बटियागढ़ मंडल अध्यक्ष अरविंद पटेल ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 5 नवंबर को सुबह 8 बजे से पैदल यात्रा दमोह सांसद राहुल सिंह जेरट से पिपरिया चंद, तिरमुड़ा, धौराज, बलखंडन माता और किसुनगंज एवं फसिया नाला नरसिंहगढ़ में समापन होगा। वहीं पद यात्रा में शामिल सभी पद यात्रियों के लिए बलखंडन माता में भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। बैठक का मंच संचालन चतुर्भुज गर्ग मंडल महामंत्री एवं आभार फतेहपुर मंडल अध्यक्ष श्याम गर्ग ने किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित राजपूत, युवा मोर्चा जिला मंत्री शिवांक असाटी, मंडल उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया, अमित जैन, जनपद सदस्य, और सरपंचो की उपस्थिति रही।

शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने पाई नई ऊँचाइयाँः विधायक मलैया

# समारोहपूर्वक मनाया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




पहले हमारे प्रदेश की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी, लेकिन आज मध्यप्रदेश विकसित राज्यों की श्रेणी में आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले 20-22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस आशय की बात रविवार को प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हुए परिवर्तन से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि 2003 के पहले कितने गांवों में मिडिल, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल थे। आज मध्यप्रदेश के बच्चे पूरे देश में अपने प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और इसमें सबसे बड़ा योगदान गांवों में खुले इन छोटे-छोटे स्कूलों का है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा प्रदेश सरकार लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश के विकास में विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी मिलकर प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें।

इस दौरान पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा इन वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और अन्य विकासात्मक क्षेत्रों में प्रदेश ने बहुत तीव्र गति से प्रगति की है। हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने कहा आज प्रदेश में मातृशक्ति जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही है और साथ ही अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा शिक्षा की सबसे अहम कड़ी शिक्षक होते हैं और आज शिक्षकों का सम्मान किया जाना गर्व का विषय है। श्रीमती पटेल ने कहा यदि हम स्वर्णिम मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करना चाहते हैं, तो इसके लिए सबसे पहले शिक्षा पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा रविवार को जिले में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा इस अवसर पर जिला स्तरीय 12 शिक्षकों के चयन के लिए एक कड़ी और पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई थी। चयनित शिक्षकों को आज जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी में विजेता हुए तीन युवाओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। ध्वाजारोहण राज्यमंत्री लखन पटेल ने किया और राष्ट्रगान तथा मध्यप्रदेश गान हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, महेश पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे मंचासीन रहें। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम आर.एल बागरी, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, एसडीएम आरएल बागरी मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर एवं पं. विपिन चौबे ने किया आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और जनसंपर्क विभाग के अधिकारी वाई. ए कुरैशी ने व्यक्त किया।

### शिक्षको का हुआ सम्मान

मध्यपदेश स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान की तरह ही जिला स्तरीय सम्मान के तहत शिक्षकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया। शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया 40 बिंदूओं से होकर गुजरी थी। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सुखनंदन साहू, दिनेश कुमार प्यासी, मो. ताहिर खान, मुकेश दुबे, कैलाश पटेल, बलिराम अहिरवार, मनोज यादव, सुनील कुमार दुबे, कल्पना पटेल, बहादुर सिंह ठाकुर, प्रमोद कुमार अहिरवार और रमेश प्रसाद प्रजापति को मेडल और ब्लेजर पहनाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया है। इस दौरान राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित शिक्षिका शीला पटेल और राज्य स्तर से राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक श्रीकांत पटेल एवं मोहन सिंह गौड़ का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर पटेरा निवासी एमपी पीएससी परीक्षा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित सुश्री नम्रता जैन का भी सम्मान किया गया।

## शिक्षक कैलाश कुर्मी को मिला जिला स्तरीय सम्मान




**दमोह।** मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में भव्य जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें शासकीय हाईस्कूल राजाबंदी विकासखंड-पटेरा के शिक्षक कैलाश कुर्मी को नवाचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान से नवाजा गया है। शिक्षक कैलाश कुर्मी ने यह सम्मान अपने पिता मोहनलाल,माता -श्रीमती अशोकरानी सहित परिवारजनों एवं अपने विकासखण्ड के शिक्षक साथियों के साथ प्राप्त किया। कैलाश कुर्मी के अलावा यह सम्मान जिले 11 शिक्षकों भी प्रदान किया गया है।

## कालेज में मना मप्र का 70वां स्थापना दिवस



**दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में 1 नवंबर को मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के डायरेक्टर सुशील गुप्ता ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ ही कहा कि मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश हैं और मध्यप्रदेश द्वारा देश के विकास में किये जा रहे योगदान की जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं ओद्योगिक विकास के बारे में भी बताया और प्रगतिशील प्रदेश को विकसित प्रदेश में बदलने की बात कही। विकास में जनभागीदारी की भी बात कही। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मनजीत कौर साहनी ने बताया मध्यप्रदेश साथ साथ मध्यप्रदेश से पृथक हुए छत्तीगढ़ के स्थापना दिवस की भी सभी को बधाई और शुभकामनाऐं प्रेषित की। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं सभी स्टाफ ने मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गान किया।

## शोक सभा में दी श्रद्धांजलि



**झलौन।** ग्राम सुनवाही उमरिया पूर्व सरपंच पूर्व मंडलअध्यक्ष लखन लाल यादव के बड़े पुत्र राम अवतार यादव का दिनाक 23/10/2025 मे सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त रही। पिछले दिनों से शोक संवेदना अर्पित करने लगातार उनके घर पर लोगो का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, बृजेश यादव, प्रताप पटेल, अनिल यादव, मुकेश जैन ने सम्मिलित होकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# सिद्व चक्र महामंडल विधान में 128 अर्घ समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी मे अष्टानीका महापर्व के अवसर पर श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। 6 नवंबर तक चलने वाले भव्य आयोजन के पांचवे दिन श्रीजी के समक्ष समवशरण में भक्ति भाव के साथ 128 अर्घ समर्पित किए गए। छठवें दिन सोमवार को 256 अर्घ समर्पित किए जाएंगे। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में आठ दिवसीय भक्तिमय अनुष्ठान में रविवार को प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री, ब्रह्चारी स्वतंत्र भैया, अजय भैया झापन एवं गोलू भैया विजयनगर के निर्देशन में प्रात श्रीजी को उच्चासन पर विराजमान करके करके अभिषेक उपरांत शांति धारा संपन्न हुई। नव देवता पूजन उपरांत विधान प्रारंभ हुआ। श्री सिध्द यंत्र जी की पूजन करके मैना सुंदरी श्रीपाल श्री चंद्र कुमार खजरी परिवार द्वारा यंत्र जी के अभिषेक एवं धूप समर्पित करके विधान प्रारंभ किया गया। श्रीजी के समक्ष मंडल पर अर्घ समर्पित करने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र राजेंद्र अटल मनीषा, भरत चक्रवर्ती संतोष अविनाशी परिवार, श्रीपाल मैना सुंदरी चंद्र कुमार अभिषेक खजरी परिवार, आनंद लैब कुबेर इंद्र, मुकेश अर्चना जैन खजरी महायज्ञ नायक परिवार, सुनील बड़े राय यज्ञ नायक, नवीन निराला उर्मिला जैन ईशान इंद्र परिवार मनीष आउटलुक सनत इंद्र परिवार, पदमचंद रानू जैन खजरी द्रव्य पुण्यार्जक परिवार ध्वजारोहण करता रूपचंद जैन बनवार परिवार के साथ बारी बारी से सभी श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। शिवनगर जैन मंदिर के आसामियों द्वारा भक्ति भाव के साथ विधान के लिए द्रव्य प्रदान करते हुए आगामी 9 दिसंबर को शिवनगर मंदिर की वर्षगांठ अवसर पर आयोजित महा मस्तकाभिषेक कार्यक्रम का सभी को आमंत्रण दिया। औषधालय कमेटी के अध्यक्ष मीनू जैन, वसुंधरा नगर मंदिर से महेंद्र करुणा सुनील वेजीटेरियन परिवार, नसिया मंदिर से अभय बनगांव एवं महेश दिगंबर सहित शिव नगर मंदिर के आसामियों ने समवसरण में इंद्र इंद्राणीयो के साथ प्रातिहार्य समर्पित किये। शाम को श्रीपाल मैना सुंदरी परिवार चंद्र कुमार जैन खजरी भवन से धूमधाम से महा आरती शोभायात्रा निकाली गई।

**खास बातें**

## जीवन में लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प जरूरी

**बनवार।** ग्राम गाड़ाघाट स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल को गुब्बारों और फूलमालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम के दौरान भजन "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" गूंजते ही श्रद्धालु झूम उठे। पंडाल में उपस्थित भक्तगण देर तक नाचते-गाते रहे और वातावरण "जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक पंडित कृष्ण कांत गौतम महाराज ने प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब संसार में अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु अलग-अलग रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा व्यास कृष्ण कांत गौतम ने कहा कि जीवन में अच्छे मार्ग पर चलने के लिए संकल्प जरूरी है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि माता-पिता और गुरु का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। हर माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को भागवत कथा, सत्संग और कीर्तन में अवश्य साथ लाएं, ताकि उनमें अच्छे संस्कार विकसित हो सकें।

### मरीज के परिजनों से की चर्चा, जाना उनका हाल

# पूर्व मंत्री मलैया ने लिया अस्पताल का जायजा, अधिकारियों के साथ ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने आज जिला अस्पताल दमोह का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर मरीजों एवं उनके परिजनों से हालचाल जाना और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक श्री मलैया ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री मलैया ने अस्पताल में भोजन व्यवस्था, डायलिसिस यूनिट, भवन विस्तार कार्य सहित समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 6 डायलिसिस मशीनें संचालित है। भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। विधायक श्री मलैया ने कहा दमोह जिला अस्पताल का विस्तार आवश्यक है।



इसके लिए भोपाल स्तर पर भी चर्चा की गई है। उन्होंने बताया कि 100 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन के निर्माण की योजना है, वहीं 50 बिस्तरों का नया भवन तैयार हो चुका है, जिसका उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक नोबल प्रोफेशन है, जिसे समाज में सबसे अधिक मान और सम्मान हैं।श्री मलैया ने बताया 10 दिन बाद वे पुनः दमोह आकर अस्पताल सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी से दूरभाष पर चर्चा कर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर महेश पटेल, राजेंद्र सिंघाई, आलोक गोस्वामी, अखिलेश हजारी, अमरदीप जैन लालू, विशाल शिवहरे, मोंटी रैकवार, संतोष रोहित, भरत यादव, संदीप यादव, मोनू राजपूत, हरि रजक, गोलू साहू, एसडीएम आर एल बागरी, सीएसपी एच आर पाण्डे, वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉ राकेश राय, अन्य डॉक्टरगण, टी आई दमोह मनीष कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अधिकारी-कमर्चारीगण मौजूद रहे।

# राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

स्थानीय प्यासी मंदिर से भव्य कलश यात्रा का मुख्य कलश पूजन वरिष्ठ गायत्री परिजन एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा किया गया। कलशयात्रा के प्रारंभ में ग्वालों की टोली नृत्य करते हुए आगे चल रही थी। घुड़सवारो के रूप में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाय नारी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए नेतृत्व करती हुए चल रही थी। पूर्व विधायक अजय टंडन, डॉ रामकृष्ण कुसमरिया,भाव सिंह लोधी ,पंकज हर्ष श्रीवास्तव देवेंद्र बौहरे, किशन घी वाला सहित अनेक गणमान्य नागरिक नगर के लोगों को यज्ञ के लिए आमंत्रित करते हुए चल रहे थे। रथ में भगवा। राम दरबार की सुंदर झांकी, शांतिकुंज से आया शताब्दी रथ जिसमें सुसज्जित भव्य कलश, हजारों की संख्या में पीत वस्त्रधारी महिलाएं, युवतियां,सुंदर कलश सिर पर धारण करके चल रही थी। साथ



में सागर, गढ़ाकोटा, रहली, हिंडोरिया, बटियागढ़, नोहटा, हिंडोरिया सहित जिले भर के भाई बहिनें गगन भेदी समाज सुधार के नारे और गीत गाते चल रहे थे। महाकाल की नगरी उज्जैन से डमरू नृत्य करने वाले युवाओं की टोली, और भगवान भोलेनाथ ,माता पार्वती विशाल नंदी पर सवार जन आकर्षण और श्रद्धा के केंद्र बने हुए थे अनेक बैंड बाजों की पार्टियां,नगर भर में मंगल ध्वनि करते हुए चल रहे थे । पूरे मार्ग में जगह जगह श्रद्धालुओं ने फल, मीठा, प्रसाद, एवं फूलों से कलश यात्रा का स्वागत कर कलश यात्रा वालों का मन मोह लिया। कलश यात्रा का समापन बड़ी देवी मंदिर में स्थित भव्य यज्ञशाला में हुआ। शांतिकुंज से पधारी टोली के प्रमुख पंडित राजकुमार भृगु ने अपने उद्बोधन में इस भव्य कलश यात्रा को दिव्य बताते हुए भागीदारी करने वालों के भाग्य की सराहना करते हुए तीन दिवसीय आयोजन में सभी को भाग लेने की अपील की।

# महादेव का दिव्य भस्म श्रृंगार, तुलसी–शालिग्राम विवाह में गूँजे जयघोष

### देवउठनी एकादशी परजागेश्वर नाथ धाम में आस्था का महासंगम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बनवार

देवउठनी एकादशी का पावन पर्व बुंदेलखंड के प्रसिद्ध देव श्री जागेश्वर नाथ धाम में भक्ति, आस्था और परंपरा के उल्लास के साथ मनाया गया। एक ओर मध्यरात्रि में तुलसी–शालिग्राम विवाह की पवित्र रस्में संपन्न हुईं, तो वहीं प्रातःकाल बाबा महादेव का दिव्य भस्म श्रृंगार हुआ। दिनभर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा क्षेत्र "हर हर महादेव" और "जय श्री जागेश्वर नाथ" के जयघोषों से गूंजता रहा।



सुबह बनवार स्थित देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन के साथ बाबा का भस्म श्रृंगार किया गया। पुजारियों ने प्राकृतिक भस्म, पुष्प और सुगंधित द्रव्यों से श्रृंगार कर महादेव को भक्ति भाव से अलंकृत किया। दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु देर रात से ही कतारों में खड़े रहे। श्रृंगार उपरांत बाबा का स्वरूप अत्यंत दिव्य और मनोहारी प्रतीत हुआ। पूरा मंदिर परिसर दीपों, फूलों और रंगीन रोशनियों से आलोकित हो उठा। भक्तों ने बाबा के चरणों में जलाभिषेक कर मन्नतें मांगीं और प्रसाद ग्रहण किया।

उधर, बांदकपुर धाम में देवउठनी एकादशी की रात्रि तुलसी–शालिग्राम विवाह के आयोजन से भक्ति का दरबार सज उठा। गन्ने के मंडप, दीपमालाओं और पुष्पों की सजावट के बीच तुलसी पर चुनरी चढ़ाई गई तथा भगवान शालिग्राम का पंचामृत अभिषेक हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह विधि संपन्न हुई। महिलाओं ने कन्या पक्ष की रस्में निभाईं और गीत गाए, वहीं पुरुष श्रद्धालु बाराती बनकर भक्ति में लीन रहे। विवाह संपन्न होने की घोषणा के साथ ही मंदिर परिसर "हरि बोल" और "जय श्री विष्णु" के जयघोषों से गूंज उठा। मंदिर समिति की देखरेख में संपन्न दोनों आयोजनों में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आस्था और उल्लास का ऐसा संगम बना कि पूरा क्षेत्र शिव–विष्णु भक्ति में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने बताया कि देवउठनी एकादशी भगवान विष्णु के जागरण और मांगलिक कार्यों की शुरुआत का प्रतीक है, वहीं भगवान शिव की आराधना इस दिन विशेष फलदायी मानी जाती है।भोर तक जागेश्वर धाम दीपों की माला-सा जगमगाता रहा,भक्ति गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं और भक्तों के चेहरों पर वही तृप्त मुस्कान थी जैसे स्वयं देवों का आशीर्वाद उतर आया हो।

## प्यासी मंदिर में तुलसी शालिग्राम विवाह सम्पन्न

**दमोह।** देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर में धूमधाम से तुलसी शालिग्राम विवाह सम्पन्न हुआ।इस वर्ष कन्यादान लेने का सौभाग्य कार्तिक व्रत करने वाली सखी मंन्जु नेमा को मिला।एक मास व्रत,पूजन करने वाली बहनों ने अपने घर सखियों को आमंत्रित कर तुलसी पूजन करवाया,और कार्तिक के बुन्देली मधुर कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों का आनंद लिया। आंवला नवमी को पुष्पा चिले के निवास पर भजन संध्या आयोजित की गई। मुख्य बुन्देली भजन गायिका के रूप में भारती राय सुमधुर भजनों का गायन कर भाव विभोर कर दिया और अनेक सखियों ने मन भावन नृत्य किया। पुष्पा चिले ने बुन्देली गायिका भारती राय को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लता गुरु, संगीता पान्डे, अंजना तिवारी, पद्मा तिवारी, ममता गुरु, सुनीता पटेल, गीता त्रिवेदी, शीला दीक्षित, संगीता गौतम, सुप्रिया सेन, सुनीता यादव, गौरी छिरौल्या, सरिता नेमा, मंजु नेमा, सावित्री सेन, गीता रैकवार, मीरा पटेल, कल्पना दुबे, ज्योति चिले, मोनिका चिले, हिरण्या चिले, सुनीता तिवारी, लता सोनी आदि बड़ी संख्या में बहनों उपस्थिति रही।

# भैंस को टक्कर मारकर खाई में पलटी वैन, भैंस की मौत, चालक घायल

### तेन्दूखेड़ा मार्ग पर कंसा के पास वन चौकी के समीप सुबह चार बजे हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेडा

रविवार की सुबह चार बजे जबलपुर से दमोह जा रहा एक मारुती वैन भैंस को टक्कर मारकर सड़क छोड़कर गहरी खाई में पलट गई हादसे में गर्भवती भैंस की मौके पर ही मौत हो गई और मारुति वैन छतिग्रस्त हो गई साथ ही चालक को अंदरुनी चोटे आई है जिसने अपना इलाज दमोह में कराया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 20 बीए 1418 जो कि जबलपुर से अखबार लेकर दमोह जा रही थी लेकिन तेजगढ़ थाना के अंतर्गत कंसा वन चौंकी के समीप मारुति वैन का स्टेरिंग फैल हो गया जहां हाईवे पर अचानक से वैन के सामने भैंस आ गई जिसे बचाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन मारुति वैन भैंस को जोरदार टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर सड़क छोड़कर गहरी खाई में जाकर पलट खाकर एक पेड़ से टेक गई हादसे में मारुति बैन चालक बबलू निवासी जबलपुर को अंदरुनी गंभीर चोटे आई है जिसे अन्य वाहन को दमोह भेजा गया साथ ही कार में लोड़ अखबारों के बिडल अन्य वाहन से दमोह भेजें गए इस हादसे में गर्भवती भैस की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही भैंस मालिक मौके पर पहुंचा जहां मरी हुई भैंस देखकर तेजगढ़ थाने में जाकर शिकायत की है। भैंस मालिक ने बताया कि भैंस की कीमत 80 से90 हजार रुपए है। साथ ही भैंस एक महीने बाद अपने बच्चे को जन्म देती लेकिन इस हादसे में भैंस की मौतें हो गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है इस हादसे में सामने से मारुति बैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

# देवउठनी एकादशी पर हुआ तुलसी शालिगराम विवाह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिण्डोरिया

नगर में देवउठनी एकादशी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। घरों में गन्ने का मंडप बनाकर चने की भाजी, आंवला, सीताफल, मटर, गन्ना गड़ेरी, सिंघाड़ा सहित अन्य नई फसलों की पूजा कर तुलसा विवाह संपन्न किया गया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 3में पुरोहित जी मंदिर परिसर में मोहल्ला की महिला मंडल के द्वारा विशेष साज सज्जा के साथ मण्डप सजाकर हल्दी कुमकुम सिंदूर मोली सुहाग का प्रतीक लाल चुनरी और सुहाग सामग्री अर्पित कर तुलसी के पौधे को दुल्हन की तरह सजाकर पूर्ण विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ तुलसी शालिगराम का विवाह संपन्न किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में माता तुलसी और भगवान विष्णु के जयकारे भक्तों द्वारा लगाए गए। देर रात्रि तक महिला मंडलों द्वारा विवाह गीत गाए गए और भारी आतिशबाजी कर भगवान की बारात निकलकर पारंपरिक रस्में निभाई गई। उक्त अवसर पर पंडित अथर्व पुरोहित ने एकादशी व्रत पर प्रकाश डालते हुए व्रत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि एकादशी व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करने से जीवन की तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलती है और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग तुलसी का विवाह करवाते हैं उन पर भगवान विष्णु की विशेष कृपा होती है। तुलसी विवाह करने से कन्यादान के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है । इसके बाद महाप्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर चंद्रानी पुरोहित , दीप्ति जोशी, मंजू तिवारी, अल्का दुबे, भावना पुरोहित, मीना बाई ठाकुर, ऊषा खरे, दीपा खरे, गीता बाई ठाकुर, लच्छो बाई सेन, सभ्या विश्वकर्मा, मानता खरे, राधिका दुबे, बिट्टी बाई, रुक्मण बाई, जमुना बाई ठाकुर , गिरजा बाई साहू सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिपं सीईओ ने किया गौरेया नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलफगारे ने नगर के शासकीय कालेज में एसआईआर निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। जिसमें समस्त बीएलओ, सहायक बीएलओ उपस्थित रहे। जिनको सीईओ ने निर्वाचक नामावली के तहत दिशा निर्देश दिए। इसके बाद गौरेया नदी उद्गम स्थल इमलीडोल ग्राम पहुंचकर उद्गम स्थल पर किए गए पौधारोपण कार्य का निरीक्षण किया। कुछ पौधों में रोग को देखकर जिला पंचायत सीईओ ने सोमवार को उद्गम स्थल पर कृषि वैज्ञानिक को भेजनी की बात कही जिससे पौधों में उत्पन्न रोग खत्म हो सके। इसके बाद बंधना मुहल्ला में पहुंचकर ग्रामीण विकास समिति टेरी एसजीपी के सहयोग से किए जा रहे कार्यो वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए स्थापित वर्मी बेड का निरीक्षण किया। महिलाओं से भी जैविक खाद बनाने के तरीके के संबंध में चर्चा की। प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से खेती होने वाले फायदों को उपस्थित लोगों ने सीईओ को अवगत कराया। सीईओ ने जीवीएस द्वारा कराएं जा रहे कार्यो की सराहना की। इस दौरान मनरेगा सहायक यंत्री एचके राज, उपयंत्री खेमचंद्र मरावी, सरपंच नवल झारिया, सचिव भगवानदास यादव, ब्रजेश लोधी, जीवीएस से धरमदास पाल, राजेश सिंह, भूरे सिंह, नीरज यादव, सविता रानी, नीमा गौड, बबीता गौड के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय 29वां युवा उत्सव कार्यक्रम

**दमोह।** न्यू मानस भवन दमोह में आयोजित खेल एवं युवा कल्याण विभाग दमोह के द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टाइम्स महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विधाओं में भाग लिया गया, जिसमें कहानी लेखन में मायरा सिंघानिया ने द्वितीय स्थान, कविता लेखन में उन्नति पांडे ने तृतीय स्थान एवं अभिषेक मुण्डा ने चित्रकला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर डॉ सुषील गुप्ता, प्राचार्या डॉ. मनजीत कौर साहनी एवं दल प्रमुख सुमित राव नलगे, षरद नामदेव द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की गई।

# वन विभाग परिसर में चल रहा जुएं को पकड़ने गई पुलिस लौटी खाली हाथ

**हटा।** नगर में चंडी जी मंदिर के समीप वन विभाग कार्यालय परिसर में लंबे समय से बेखोप जुआरियों का जमावड़ा बना रहता है जहां पर शराबियों की अवैध गतिविधियां भी संचालित होती है जिससे परेशान होकर रविवार को रेंजर द्वारा जुआं फड़ संचालित होने की सूचना हटा पुलिस को दी गई थी सूचना मिलते ही हटा पुलिस वन कार्यालय परिसर में बनी गोदाम की गैलरी में जुआं फड़ सजा हुआ था लेकिन पुलिस की गाड़ी पहुंचते ही जुआरी रफू चक्कर हो गए सिर्फ दो जुआरी पकड़े जाने की खबर मिली जिनके पास से पुलिस ने कुछ रुपए जप्त कर पूछताछ करते हुए उन्हें छोड़ दिया गया। जबकि पुलिस का कहना है कि पकड़े गए दोनों लोग वहां से निकल रहे थे और बीमार हालत में थे। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी में पुलिस द्वारा दोनों से जप्त की गई रकम मैं हेरफेर करने की खबर सामने आई है। दरअसल उपकाशी हटा नगरी में इन दिनों खुलेआम जुआ का खेल हर वार्डो में चल रहा है। बताया जा रहा है कि यह अवैध गतिविधि इतनी तेजी से फैल चुकी है कि नगर के कई युवा इसकी गिरफ्त में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस जुआ अड्डे पर हर रोज लाखों रुपए का दांव खेला जा रहा है, जबकि पुलिस प्रशासन पूरी तरह बेखबर नजर आ रहा है या फिर मिलीभगत में शामिल है।

# आम आदमी पार्टी की हुई बैठक, आज करेंगे प्रदर्शन



**जबेरा।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशसंयोजक बसंत राय के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सभा ग्राम पंचायत कलूमर कॉलोनी चौरई एवं तिलगुआ में संपन्न हुई जिसमें किसानों आदिवासियों की समस्याओं को लेकर के आगामी समय में आंदोलन हेतु रणनीति बनाई गई तथा निर्णय लिया गया कि अधिकारियों को पूर्व में दी गई सूचना के आधार पर दिनांक 3 नवंबर 2025 दिन सोमवार को क्रमशः जबेरा एवं तेंदूखेड़ा तहसील में रवि फसल की बोनी हेतु किसानों को खाद न मिलने के कारण धरना व प्रदर्शन किया जावेगा। आम आदमी के प्रदेश संयोजक बसंत राय ने सभी किसानों से अपील की है कि वे दिनांक 3 नवंबर 2025 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे अनिवार्य रूप से मंडी गेट के बाहर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर के धरना कार्यक्रम को सफल बनावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

शपथकर्ता सोना सोनी पति पुष्पेंद्र सोनी निवासी ग्राम ढिगसर जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम सोना कुमारी वर्मा (SONA KUMARI VERMA) पिता प्रदीप वर्मा था। विवाह के पश्चात मेरा नाम सोना सोनी (SONA SONI) पति पुष्पेन्द्र सोनी हो गया है। यह कि उक्त दोनो नाम वाली मै एक ही महिला हूं और आगे से मुझे मेरे नये नाम से ही जाना पहचाना एवं पत्र व्यवहार किया जाये।

**पुराना नाम : सोना कुमारी वर्मा**
**नया नाम: सोना सोनी**
शपथकर्ता: सोना सोनी पति पुष्पेन्द्र सोनी
निवासी ग्राम ढिगसर जिला दमोह